भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली

<u>हौज खास, नई दिल्ली–110016 वेबसाइट: www.iitd.ac.in</u>

<u>विज्ञापन संख्या : E-II/02/2022 (सीधी भर्ती)</u>

भारतीय नागरिकों से निम्नलिखित पदों को भरने के लिए प्रत्यश भर्ती आधार पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :

क्र. सं.	ग्रुप	पदनाम	विभाग / केंद्र / अनुभाग / एकक	रिक्त पद	आयु सीमा (विज्ञापन की अंतिम तिथि को)	7वें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतनमान तथा मैट्रिक्स
01	सी	वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक	जैव रासायनिक इंजीनियरी एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग (DBEB)	01 अनारक्षित	30 वर्ष	रु. 29,200–92,300 / – 7वें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार पे मैट्रिक्स का लेवल–5

निर्धारित न्यूनतम अर्हता / अनुभव :

01. वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक

<u>अनिवार्यः</u>

1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर उपाधि अथवा बी.ई. / बी.टेक. अथवा विद्युत इंजीनियरी, इलैक्ट्रॉनिक्स, उपकरणीकरण, डिजाइन, मेक्ट्रोनिक्स, मैकेनिकल इंजीनियरी, रासायनिक इंजीनियरी, भौतिकी अथवा सम्बद्ध क्षेत्र में समकक्ष अहर्ता।

अथवा

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ बी.ई. / बी.टेक. अथवा विद्युत इंजीनियरी, इलैक्ट्रॉनिक्स, उपकरणीकरण, डिजाइन, मेक्ट्रोनिक्स, मैकेनिकल इंजीनियरी, रासायनिक इंजीनियरी, भौतिकी अथवा समकक्ष क्षेत्र में स्नातक उपाधि के साथ 7वें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन लेवल–3 (छठे केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार 2000 / –रु. ग्रेड वेतन) अथवा समकक्ष में 2 वर्ष का अनुभव।

अथवा

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ इंजीनियरी / अनुप्रयुक्त विज्ञान में तीन वर्षीय डिप्लोमा अथवा विद्युत इंजीनियरी, इलैक्ट्रॉनिक्स, उपकरणीकरण, डिजाइन, मेक्ट्रोनिक्स, मैकेनिकल इंजीनियरी, रासायनिक इंजीनियरी, भौतिकी अथवा समकक्ष क्षेत्र में (10+2 के बाद) समकक्ष अर्हता सहित 7वें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार लेवल–3 (छठे केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार 2000 / –रु. ग्रेड वेतन) अथवा समकक्ष में 3 वर्ष का अनुभव।

विविध कम्प्यूटर ऑफिस अनुप्रयोगों, एम.एस. वर्ड, ऐक्सल, पावरप्वाइंट अथवा समकक्ष में प्रवीणता प्राप्त होना अनिवार्य हो।

वांछनीय योग्यताः

इस पद पर व्यक्ति से निम्नलिखित जिम्मेदारियों को पूरा करने की उम्मीद की जाती हैः–

1. बायोरिएक्टर्स तथा विभिन्न विश्लेषणात्मक उपकरणों से प्राप्त रीयल–टाइम डेटा के अधिक्रमण, कार्यसाधन तथा प्रदर्शन के लिए हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर विकसित करना।
2. यू.जी. तथा पी.जी. छात्रों के साथ डू–इट–योरसेल्फ (AIY) परियोजनाओं पर काम करना, जिनमें हार्डवेयर X जैसी पत्रिकाओं में प्रकाशित पेपर्स का उपयोग करके उच्च–स्तरीय इंस्ट्रूमेंटेशॅन (जैसे स्वचालित नमूने, माइक्रोइन्जेक्शॅन सिस्टम) के कम लागत वाले निर्माण शामिल हैं।
3. इलैक्ट्रॉनिक या विद्युत खराबी के कारण उपकरणों के टूटने का आंकलन करना, साथ ही जहां तक सम्भव हो उनकी मरम्मत करना।

इसलिए यह वांछनीय है कि आवेदक के पास कम से कम 3 वर्ष का व्यवहारिक अनुभव हो।

1. उपयुक्त उपकरणों का उपयोग करके रीयल टाइम डेटा अधिग्रहण के लिए हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर को डिजाइन करना जिसके उदाहरणों में लैबव्यू, रास्पबेरी पाई, ATmega, माइक्रोकंट्रोलर, ESP32 आदि शामिल हैं।
2. उपयुक्त डिजिटल फैब्रिकेशन तकनीकों के साथ मेक्ट्रोनिक्स आधारित डिजाइन तथा निर्माण/कार्यात्मक प्रोटोटाइप, जिसके उदाहरणों में 3डी प्रिंटर, लेजर कटिंग, वॉटर जेट कोटिंग CNC राउटर, PCB डिजाइन तथा संविरचन आदि शामिल हैं।

यह भी वांछनीय है कि सभी आवेदक हार्डवेयर–सॉफ्टवेयर डिजाइन तथा मेट्रोनिक्स में अपने अनुभव का वर्णन करने वाले पोर्टफोलियो के साथ लिखित परीक्षा के लिए आए। प्रायोगिक (प्रैक्टिकल) परीक्षा के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों से प्रायोगिक परीक्षा शुरू होने से पहले यह पोर्टफोलियो प्रदान करने के लिए कहा जाएगा।

सामान्य अनुदेश

1. अभ्यर्थी को संबंधित पद हेतु आवेदन करने से पहले विज्ञापन में उल्लिखित अपेक्षित न्यूनतम अनिवार्य योग्यताओं, आयु एवं पात्रता, अनुभव मानदंड आदि के बारे में ध्यानपूर्वक पढ़ना चाहिए। चूंकि ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में प्रत्याशी द्वारा दिए गए डाटा के आधार पर सभी आवेदनों को जाँचा जाएगा, प्रत्याशी जिस पद के लिए आवेदन कर रहे हैं उसकी योग्यता की उपयुक्तता हेतु वे स्वयं ज़िम्मेदार हैं।भर्ती एवं चयन प्रक्रिया के दौरान किसी भी स्तर पर प्रत्याशी द्वारा दी गई सूचना को झूठा अथवा गलत पाया जाता है तो उसकी उम्मीदवारी अस्वीकृत कर दी जाएगी।

2. एक बार आवेदन जमा करने के बाद किसी भी परिस्थिति में उसमें तबदीली/पुनः प्रविष्ट नहीं किया जा सकता। एक बार सफलतापूर्वक आवेदन जमा होने के बाद ऑनलाइन आवेदन में प्रत्याशी द्वारा भरे गए किसी भी डाटा/विवरण में परिवर्तन के लिए कोई अनुरोध नहीं माना जाएगा। अतः ऑनलाइन आवेदन करने से पहले सभी डाटा/विवरण पहले से ही तैयार रखें।

3. प्रत्येक पद के सामने उल्लेखित 7वें केंद्रीय वेतन आयोग में वर्णित मैट्रिक्स के अतिरिक्त वेतन मैट्रिक्स के अनुरूप भा.प्रौ.सं. दिल्ली नियमों के अंतर्गत स्वीकार्य सामान्य भत्ते दिए जाएँगे।

4. लिखित तथा ट्रेड/कंप्यूटर परीक्षा, हेतु न्यूनतम योग्यता प्राप्त अंक 60%होंगे। लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले प्रत्याशियों को ही ट्रेड परीक्षा/कंप्यूटर परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा, हालांकि वास्तविक चयन इस न्यूनतम स्तर के अतिरिक्त चयन समिति द्वारा निर्धारित मेरिट पर निर्भर होगा।

5. भर्ती पोर्टल पेमेंट गेटवे (recruitment portal payment gateway) के माध्यम से 200/–रु. (केवल दो सौ रुपए) शुल्क का भुगतान करना होगा। केवल शुल्क भुगतान के बाद ही जमा किया गया आवेदनपत्र स्वीकार होगा। एक बार शुल्क का भुगतान होने के बाद किसी भी स्थिति में शुल्क वापिस अथवा पुनः समायोजित नहीं होगा। अनु. जाति/अनु. जनजाति, दिव्यांगजन श्रेणी तथा महिला प्रत्याशियों के लिए शुल्क अपेक्षित नहीं है।

6. शैक्षिक अर्हता तथा अनुभव को पूरा करना मूल आवश्यकता है। जैसा कि ऊपर बताया गया है भर्ती/चयन के चरण (चरणों) में आगे बढ़ने के दौरान, सामान्य रूप से मानकों का पालन करते हुए प्रत्याशियों को लिखित परीक्षा/ट्रेड परीक्षा/कंप्यूटर परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा। जैसा कि कहा गया है। जहां रिक्त पदों के लिए प्राप्त आवेदन विज्ञपित पदों की संख्या से अधिक है। वहां जांच/शॉटलिस्टिंग समिति आवेदकों के शैक्षणिक प्रदर्शन और/या वर्षों के अनुभव के आधार पर शॉर्टलिस्ट के लिए अतिरिक्त मानदंड तैयार कर सकती है अथवा ऐसा निर्णय ले सकती हैं। शॉर्टलिस्ट किए गए आवेदकों को संस्थान के निर्णय के अनुसार अर्हता प्राप्त करने पर लागू होने वाली लिखित परीक्षा/ट्रेड परीक्षा/कम्प्यूटर परीक्षा और बाद के चरणों के लिए बुलाया जाएगा।

7. भा.प्रौ.सं. दिल्ली चयन के समय विज्ञापित पदों की संख्या को घटाने या बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखता है। भा.प्रौ.सं. दिल्ली, संस्थान द्वारा तय किए गए अवसर या आपातकाल की स्थिति में किसी भी विज्ञापित पद को भरने अथवा न भरने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है।

8. चयन प्रक्रिया में उत्पन्न होने वाले किसी भी विवाद/अस्पष्टता/भ्रमकी स्थिति में निदेशक, भा. प्रौ.सं. दिल्ली का निर्णय अंतिम होगा।

9. शॉर्टलिस्ट किए गए प्रत्याशियों के लिए संस्थान योजनाबद्ध ढंग से लिखित परीक्षा/कंप्यूटर परीक्षा का आयोजन करेगा।

10. आयु सीमाः शैक्षिक रूप से योग्य IIT के कर्मचारियों के लिए सम्पूर्ण IIT सिस्टम में अधिकतम 50 वर्ष तक की आयु तक सीधी भर्ती के लिए विचार किया जा सकता है।

11. दिल्ली से बाहर के स्थानों से लिखित परीक्षा/ट्रेड परीक्षा/कंप्यूटर परीक्षा के लिए बुलाए गए प्रत्याशियों का उनके कार्यस्थल/निवास से दिल्ली और वापसी के लिए लघुतम मार्ग का द्वितीय श्रेणी के स्लीपर क्लास रेलभाड़े का भुगतान किया जाएगा। संबंधित प्रत्याशी द्वारा NEFT विवरण देने पर स्वीकार्य राशि उनके बैंक खाते में अंतरण कर दी जाएगी तथा उसी समय कोई नकद भुगतान नहीं किया जाएगा।

12. दिव्यांगों/भूतपूर्व सैनिक के लिए आरक्षण/छूट तथा उनसे संबंधित प्रतिशत, केंद्र सरकार के वर्तमान आदेशों के अनुसार होंगे।

13. चयनित उम्मीदवार IIT दिल्ली के परिसर में कहीं भी सेवा करने के लिए उत्तरदायी होगा।

14. अधिवर्षिता की आयु 60 वर्ष है।

15. (क) प्रत्याशी केवल **ऑनलाइन** आवेदन **28.02.2022 से 31.03.2022 को सांय 5.00 बजे** तक कर सकते हैं।

दोनों तिथियाँ सम्मिलित हैं।

(ख) ऑनलाइन माध्यम से आवेदन जमा करने के लिए **संस्थान वेबसाइट पर जाएं:**

1. प्रत्यक्ष लिंक: https://ecampus.iitd.ac.in/IITDSR-0/login
2. वैकल्पिक: http://www.iitd.ac.in/jobs-iitd/index.html

(ग) सरकारी/अर्धसरकारी संगठनों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में नियोजित प्रत्याशी पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र का प्रिंट **उचित माध्यम द्वारा** भेजें। ऐसा न करने पर प्रत्याशी को लिखित/कंप्यूटर परीक्षा के समय अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। इसके लिए उन्हें अग्रिम प्रति भर्ती प्रकोष्ठ, कमरा संख्या 207/C-7, उप निदेशक (प्रचालन) कार्यालय के निकट, IIT दिल्ली, हौजखास, नई दिल्ली–110016 पर भेजनी होगी।

(घ) अपूर्ण आवेदन पत्र अस्वीकार कर दिए जाएंगे।

16. अन्य नियम एवं शर्ते IIT दिल्ली के भर्ती एवं पद्दोनति नियमों (R&PRs) तथा संस्थान के लिए लागू भारत सरकार के नियमों एवं आदेशों के अनुसार होगी।

17. पात्रता, आवेदन पत्र का स्थिति, डाक से विलंब, परीक्षा के संचालन और परिणाम, चयन प्रक्रिया आदि के संबंध में प्रत्याशियों की ओर से किसी भी पत्र व्यवहार अथवा पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा।

18. उम्मीदवारों की शार्टलिस्ट प्रक्रिया पूरी होने के बाद शॉर्टलिस्ट तथा नॉन–शार्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों की सूची (केवल पंजीकरण संख्या दर्शाते हुए) संस्थान वेबसाइट https://home.iitd.ac.in/jobs-iitd/index.php पर प्रदर्शित की जाएगी। आवेदकों को अपनी शॉर्टलिस्टिंग/नॉन शॉर्टलिस्टिंग के लिए इस वेबसाइट पर निरन्तर नजर रखें। शॉर्टलिस्टिंग पर अभ्यावेदन, यदि कोई हो तो ऐसी सूचियों के प्रकाशन की तारीख से 10 दिनों की अवधि के भीतर ई मेल e2recruit@admin.iitd.ac.in पर पहुंच जाना चाहिए।